भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त परिषद)

# मई
# वानिकी समाचार

वर्ष 18 स. 05

## तकनीकी प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन




दिनांक 12 मई 2026 को कंचन देवी भा.व.से., महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. द्वारा भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., कोयंबटूर में तकनीकी प्रदर्शन केंद्र (टीडीसी) का उद्घाटन किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

- दिनांक 22 मई 2026 को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के विभिन्न संस्थानों एवं केंद्रों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया।





| अनुक्रमणिका | पृष्ठ स. |
|---|---|
| तकनीकी प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन | 01 |
| अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस | 01 |
| महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 02 |
| कार्यशालाएँ/सेमिनार/बैठकें | 02 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 03 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 04 |
| मिशन लाईफ | 05 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 07 |
| रेडियो वार्ता | 08 |
| राजभाषा गतिविधियाँ | 08 |
| विविध | 08 |
| मानव संसाधन समाचार | 09 |
| प्रकाशन | 09 |

# महत्वपूर्ण शोध निष्कर्ष

**भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून**

- *बैम्बूसा बाल्कूआ* के सूखे जैव–अवशेषों (पत्तियाँ, गाँठें और छिलका) को पीसकर उनका ऊष्मा–गुरुत्वीय (टीजी) विश्लेषण किया गया, ताकि उनके तापीय अपघटन प्रवृत्ति तथा सिलिका पुनर्प्राप्ति के लिए उनकी उपयुक्तता का आकलन किया जा सके। उक्त विश्लेषण अनुसार, गाँठ के नमूने में तीव्र तापीय अपघटन देखा गया तथा अंतिम अवशेष लगभग 2.4% मात्र रहा। यह दर्शाता है कि इसमें मुख्यतः दहनशील लिग्नोसेलुलोसिक पदार्थ अधिकता तथा राख बनने की क्षमता अपेक्षाकृत कम है। छिलके के नमूने में भी बड़ा अपघटन देखा गया तथा अंतिम अवशेष लगभग 3.44% प्राप्त हुआ, जो अपेक्षाकृत कम अकार्बनिक सामग्री की उपस्थिति का संकेत दर्शाता है। इसके विपरीत, पत्ती के नमूने में अंतिम अवशेष लगभग 20–22% प्राप्त हुआ, जो इसकी उच्च अकार्बनिक मात्रा को दर्शाता है। यह परिणाम जैव–उत्पन्न सिलिका के अधिक संचय के अनुरूप है। टीजी विश्लेषण के आधार पर, बांस की पत्तियों को सिलिका पुनर्प्राप्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त कच्चे पदार्थ (फीडस्टॉक) के रूप में चिह्नित किया गया। इसी के अनुरूप, इन जैव–अवशेषों के भस्मीकरण हेतु मफल भट्ठी का एक उपयुक्त तापीय कार्यक्रम तैयार किया गया है।

- चूहों में कैरागीनन–प्रेरित पंजे की सूजन मॉडल का उपयोग करके *स्किमिया लहरिओला* सगंध तेल (SLEO) की सूजन–रोधी क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इस सगंध तेल ने समय–निर्भर सूजन अवरोध में महत्वपूर्ण प्रभाव दिखाया, जिसमें उच्च–खुराक उपचारित समूह (800 mg/kg वजन) ने 4 घंटे पर 39.57% का अधिकतम पंजा शोफ अवरोध प्रदर्शित किया, जबकि मानक दवा डिक्लोफेनाक (10 mg/kg शरीर का वजन) द्वारा 57.08% अवरोध उत्पन्न किया गया। अध्ययन के परिणाम बताते हैं कि SLEO में तीव्र सूजन को कम करने की उल्लेखनीय क्षमता है।

- जल आसवन और भाप आसवन द्वारा प्राप्त *स्किमिया लहरिओला* के पत्तों के सगंध तेल के तुलनात्मक अध्ययन ने उपज और रासायनिक संरचना दोनों में महत्वपूर्ण अंतर प्रदर्शित किया। जल आसवन से तेल की उपज (0.94% v/w) भाप आसवन (0.45% v/ w) की तुलना में अधिक थी। GC–MS और GC–FID विश्लेषणों ने 27 यौगिकों की पहचान की, जो दोनों विधियों में कुल तेल संरचना के 95% से अधिक हैं। जल आसुत तेल की विशेषता यह थी कि इसमें गेइजेरीन (24.80%), लिनालूल (18.21%) और लिनाइल एसीटेट (13.82%) की मात्रा अधिक थी और यह मोनोटरपीन हाइड्रोकार्बन (45.86%) से समृद्ध था, जबकि भाप आसुत तेल में लिनाइल एसीटेट (37.71%) का अनुपात काफी अधिक था, इसके बाद गेइजेरीन (17.66%) और लिनालूल (12.19%) थे, और यह ऑक्सीजनेटेड मोनोटरपीन (58.15%) से समृद्ध था। ये निष्कर्ष दर्शाते हैं कि अधिक तेल प्राप्ति के लिए जल आसवन अधिक उपयुक्त है, जबकि भाप आसवन से संरचनात्मक रूप से समृद्ध ऑक्सीजनेटेड सगंध तेल प्राप्त होता है।

**भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु**

- यूरिया–मुक्त रेजिन का विकास पायलट स्तर पर पूरा हो गया हैं। प्लाईवुड के लिए यूरिया–मुक्त रेजिन का प्रदर्शन सर्वश्री ड्रुरोप्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड, राजकोट और सर्वश्री ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज, कोलकाता में सफलतापूर्वक किया गया। कारखाने में तैयार किए गए नमूनों की जल–प्रतिरोधक क्षमता के लिए शुरुआती परीक्षण किया गया। नमी प्रतिरोधी (MR), उबलते पानी के प्रति प्रतिरोधी (BWR) और BWP ग्रेड प्लाईवुड के लिए सोया मेलामाइन फॉर्मेल्डिहाइड रेजिन (आंतरिक मिश्रण के साथ), सोया–विस्तारित मेलामाइन फॉर्मेल्डिहाइड रेजिन और फिनोल सोया फॉर्मेल्डिहाइड रेजिन के फॉर्मूलेशन को अनुकूलित किया गया।

# कार्यशालाएँ/सेमिनार/बैठकें

| भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | भा.वा.अ.शि.प. और अमेरिकी फैकल्टी प्रतिनिधिमंडल के बीच संवाद बैठक | 15 मई 2026 | अमेरिकी फैकल्टी प्रतिनिधिमंडल और भा.वा.अ.शि.प. के 23 प्रतिभागी |





भा.वा.अ.शि.प. (मुख्यालय) में भा.वा.अ.शि.प. और अमेरिकी फैकल्टी प्रतिनिधिमंडल के बीच संवाद बैठक

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान, संस्थान शिमला** | | |
| 02 | विकसित भारत के दृष्टिकोण के समर्थन में डीएनए बारकोडिंग के माध्यम से औषधीय पौधों का प्रमाणीकरण पर सेमिनार | 25 मई 2026 | संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और शोधार्थियों सहित 32 प्रतिभागी। |
| | **भा.वा.अ.शि.प.–जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद** | | |
| 03 | ICICI-CSR वित्तपोषण बैठक | 19 मई 2026 | भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद के समस्त अधिकारी |
| | **भा.वा.अ.शि.प.– वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर** | | |
| 04 | प्रथम वार्षिक वृक्ष प्रजनक कार्यशाला 2026 | 11 से 13 मई 2026 | विभिन्न वानिकी अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों सहित 44 प्रतिभागी |
| 05 | उन्नत जीनोम इंजीनियरिंग दृष्टिकोण स्पीड ब्रीडिंग से ट्रांसजीन–मुक्त संपादन तक | 22 मई 2026 | भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर से 25 अधिकारी |




भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर में प्रथम वार्षिक वृक्ष प्रजनक कार्यशाला 2026



भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर में उन्नत जीनोम इंजीनियरिंग दृष्टिकोण स्पीड ब्रीडिंग से ट्रांसजीन–मुक्त संपादन तक पर सेमिनार

# प्रशिक्षण कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.– वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | काष्ठ एवं बांस का संशोषण और परिरक्षण | 18 से 22 मई 2026 | तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, मिजोरम, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से 21 उद्योग कर्मी। |






काष्ठ एवं बांस का संशोषण और परिरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 02 | भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर और भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर ने संयुक्त रूप से नागपुर और पुणे में "सागौन वृक्षारोपण प्रबंधन" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। (दो प्रशिक्षण) | 04 और 06 मई 2026 | दोनों संस्थानों से 140 प्रतिभागी |

## भा.वा.अ.शि.प.– वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03 | उच्च मूल्य वाले वृक्षों का वृक्षारोपण प्रबंधन | 25 से 26 मई 2026 | तमिलनाडु वन विभाग के 62 अधिकारी |

# जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलूरु

- वन प्रशिक्षण केंद्र, नौबाद, बीदर के 45 बीट वनपाल प्रशिक्षुओं ने सहायक वन संरक्षक, वन राजिक अधिकारी और उप वन राजिक अधिकारी के साथ 19 मई 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु के काष्ठ संग्रहालय, जाइलैरियम, पौधशाला, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र और उन्नत काष्ठ कर्म प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया। साथ ही, "काष्ठ की पहचान, उपयोग और भंडारण तकनीकों" पर एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया।




वन प्रशिक्षण केंद्र, नौबाद, बीदर के बीट वनपाल प्रशिक्षुओं ने भा.वा.अ.शि.प. –का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

- गवर्नमेंट फर्स्ट ग्रेड कॉलेज (येलाहंका), विजया कॉलेज (आर.वी. रोड), के.एल.ई. सोसाइटी के एस. निजलिंगप्पा कॉलेज (राजाजीनगर) और बिशप कॉटन्स विमेंस क्रिश्चियन कॉलेज (बेंगलुरु) के शिक्षकों सहित 117 विद्यार्थियों ने 04, 07 और 21 मई 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु के काष्ठ संग्रहालय, जाइलैरियम, पौधशाला, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र और उन्नत काष्ठ कर्म प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया।



**बेंगलुरु के गवर्नमेंट फर्स्ट ग्रेड कॉलेज के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया।**

- दिनांक 26 और 27 मई 2026 को "स्टॉर्म वॉटर ड्रेन और URSC / ISRO विंड टनल और सीक्रेट गार्डन रेजिडेंशियल डेवलपमेंट" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी (GBA) – इंजीनियर विंग, यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (URSC/ISRO), इंजीनियर विंग – GBA और वन विभाग के 28 प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

- दिनांक 19 से 23 मई 2026 और 26 से 29 मई 2026 तक 'प्लाईवुड के लिए सोया–आधारित आसंजक' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योग जगत के 04 कर्मियों ने भाग लिया।

## भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संकाय सदस्यों सहित 22 प्रशिक्षुओं ने 30 मई 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून के डीडी हर्बेरियम और वनस्पति उद्यान का दौरा किया।

## भा.वा.अ.शि.प.– वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के 29 विद्यार्थियों ने 8 मई 2026 को भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के बांस वाटिका, मैंग्रोव जर्मप्लाज्म बैंक और पौधशाला का दौरा किया।



**साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची का दौरा किया।**

## भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- अविनाशीलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन फॉर वूमेन और मद्रास यूनिवर्सिटी की 17 छात्राओं ने 12 मई से 18 जून 2026 तक भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर के गैस वन संग्रहालय का दौरा किया।



**अविनाशीलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन फॉर वूमेन की छात्राओं ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।**

# मिशन लाइफ

## भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- दिनांक 15 मई 2026 को "मिशन लाइफ" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा "मिशन लाइफ" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

- दिनांक 15 मई 2026 को बिंदल बस्ती, देहरादून में मिशन लाइफ के 'ऊर्जा बचाओ' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए ऊर्जा के सतत उपयोग और संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून ने बिंदल बस्ती, देहरादून में "ऊर्जा बचाओ" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

## भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- हिमाचल प्रदेश के वन विज्ञान केंद्र जगतसुख ने 9 मई 2026 को स्वच्छता अभियान आयोजित किया। वन विज्ञान केंद्र जगतसुख के सभी कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान, उन्हें स्वच्छ और हरे–भरे पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

## भा.वा.अ.शि.प.–जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- हैदराबाद के सुराराम क्षेत्र के पास 18 मई 2026 को "मिशन लाइफ" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुराराम, हैदराबाद से लगभग 20 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उन्हें स्वस्थ जीवन शैली, एकल उपयोग प्लास्टिक और ई–कचरा कम करने के बारे में जानकारी दी गई।




भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा "मिशन लाइफ" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें. विशाखापत्तनम ने 13, 16 और 17 मई 2026 को विशाखापत्तनम के रामा टॉकीज़, सिरिपुरम और पेड्डा वाल्टेयर में "ऊर्जा बचाएं, पानी बचाएं और ई–वेस्ट कम करें" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।




भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें. विशाखापत्तनम ने "ऊर्जा बचाएं, पानी बचाएं और ई–वेस्ट कम करें" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

# प्रकृति कार्यक्रम

## भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- कीर्तिमान मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयंबटूर के शिक्षकों सहित 19 विद्यार्थियों ने 25 मई 2026 को कोयंबटूर स्थित भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं. के गैस संग्रहालय का दौरा किया। दौरे के दौरान "प्रदूषण के प्रभाव" विषय पर व्याख्यान भी आयोजित किया गया।



कीर्तिमान मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयंबटूर के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।

## भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पाबूपुरा, जोधपुर में 07 मई 2026 को पौधशाला स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें खरपतवार हटाने और क्यारियों की सफाई के बारे में भी बताया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर ने महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोधपुर में पौधशाला स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया।

## भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- दिनांक 02 मई 2026 को जोरहाट के चेनियामगुरी हाई स्कूल में "जल संसाधन संरक्षण" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्हें वर्षा जल संचयन, जलागम संरक्षण और दैनिक जीवन में पानी के जिम्मेदार उपयोग के प्रति संवेदनशील बनाया गया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने चेनियामगुरी हाई स्कूल, जोरहाट में जल संसाधन संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलूरु

- कोलकाता के फील्ड स्टेशन ने 26 मई 2026 को पश्चिम बंगाल के सुंदरबन स्थित संदेशखाली में मैंग्रोव पौधारोपण, मेडिकल कैंप और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सुखेर स्वर्ग फाउंडेशन के 240 छात्रों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु फील्ड स्टेशन, कोलकाता द्वारा पश्चिम बंगाल के सुंदरबन के संदेशखाली में मैंग्रोव वृक्षारोपण, चिकित्सा शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## रेडियो वार्ता

- भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने 21 और 26 मई 2026 को आकाशवाणी, जोरहाट में "एक्सोम अरु उत्तरपुरबंचलोर बोनोर श्रेनी बिवाग अरु सोंगराखानोर उपाई" और "ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान में अजोला की खेती की भूमिका" पर एक रेडियो वार्ता रिकॉर्ड किया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने आकाशवाणी, जोरहाट में 'एक्सॉन अरु उत्तरपुरबंचलर बोनोर शेरनी बिवाग अरु सोंगरखानोर उपाई' विषय पर रेडियो वार्ता रिकॉर्ड की।

## राजभाषा गतिविधियाँ

- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची ने 20 मई 2026 को "आधिकारिक अनुवाद और आधिकारिक कार्यों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता" पर एक कार्यशाला आयोजित की। संस्थान के 25 आधिकारिक/कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची ने "आधिकारिक अनुवाद और आधिकारिक कार्यों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता" पर एक कार्यशाला आयोजित की।

- भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 18 से 20 मई 2026 तक हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारियों, प्रवर श्रेणी लिपिक, अवर श्रेणी लिपिक और संविदा कर्मचारियों सहित कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. फील्ड स्टेशन, कोलकाता ने 22 मई 2026 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोलकाता (रा.भा. का.स.–5) के अंतर्गत एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की।

## विविध

- भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर ने 18 मई 2026 को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विरासत संरक्षण में संग्रहालयों के महत्व को रेखांकित किया गया, और वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा में संस्थान के योगदान को प्रदर्शित किया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर ने अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया।

## मानव संसाधन समाचार

| सेवानिवृत्ति | तिथि |
|---|---|
| डॉ. माला राठौड़, वैज्ञानिक–'एफ', भा.वा.आ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून | 31.05.2026 |

| | |
|---|---|
| श्री एस. शंकरनारायणन, निजी सचिव, भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर | 31.05.2026 |
| श्रीमती एन. उषा, अनुभाग अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर | 31.05.2026 |
| श्री पी. चंद्रशेखरन, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर | 31.05.2026 |
| श्रीमती के. शांति, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर | 31.05.2026 |
| श्री विभूति डेका, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट | 31.05.2026 |
| श्रीमती एस. शशिकला, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु | 31.05.2026 |

## प्रकाशन

शोध प्त्र


- राणा वी., जोशी जी., ठाकुर ए., मलिक एस., चौहान जे. और चौधरी यू. (2026). इवैल्यूएटिंग बैम्बू स्पीशीज़ एंड एज इफेक्ट्स ऑन डिसॉल्विंग ग्रेड पल्प प्रोडक्शन फॉर सस्टेनेबल मटीरियल्स। डिस्कवर इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री एंड मटीरियल्स वॉल्यूम 1, पेज 1–18।
- भोई टी. के., महंत डी. के., सामल आई., और जांगड़ा एस. (2026). प्लांट डिफेंस एक्टिवेशन बाय एंडोफाइटिक *मेटाराइज़ियम एनीसोप्लिए* और *ब्यूवेरिया बैसियाना* फंगी अगेंस्ट सबटेरेनियन टर्माइट्स। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ मॉलिक्यूलर साइंसेज, 27(9), 3833.
- शर्मा एन., तपवाल ए. और कुमार ए. (2026)। आर्बस्कुलर माइकोराइज़ल फंगल डाइवर्सिटी इन टैक्सस कॉन्टोर्टा ग्रिफ. असेस्ड थ्रू मॉर्फोलॉजी एंड एम्प्लिकॉन सीक्वेंसिंग। जर्नल ऑफ़ बेसिक माइक्रोबायोलॉजी, 66:e70173.
- प्रिया डी.बी., ठाकुर एन., गणेशमूर्ति आर., कुमारी ए., तपवाल ए. और थिरुग्नाना संबंधम ए. (2026)। ए रिव्यू ऑन द एडवांसमेंट इन इको–फ्रेंडली मेटल एंड मेटल ऑक्साइड नैनोमैटेरियल्स सिंथेसिस एंड देयर कैटालिटिक एंड फोटोकैटालिटिक एप्लिकेशंस। नेक्स्ट रिसर्च, 9: 101789.
- नेगी पी. एस., चौहान ए. और सिंह जी. (2026)। इफेक्ट ऑफ टाइम ऑफ सीड कलेक्शन ऑन सीड जर्मिनेशन एंड सीडलिंग विगर इंडेक्स ऑफ *प्रूनस सेरासहइडीज़* डी. डॉन। इंडियन फॉरेस्टर, 152 (3):219–224.
- कुमार पी, जसवाल वी, ठाकुर टी.एस. और सेंथिलकुमार एन. 2026। ए स्टडी ऑन पेस्टिसाइडल पोटेंशियल ऑफ प्लांट एक्सट्रैक्ट ऑफ ए नेटिव स्पीशीज़, *बोएनिंगहाउसेनिया एल्बीफ्लोरा* (हुक) टू रिस्ट्रेन इन्सेक्ट पेस्ट्स ऑफ फॉरेस्ट्री इन नॉर्थवेस्ट हिमालयाज़। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्म साइंसेज 16(1):50–62, 2026.
- मिश्रा के, शर्मा आर, सेठी एके, दुबे एमके, पाटिल एसएन, और वर्मा डी (2026)। रेडियो–फ्रीक्वेंसी वैक्यूम ड्राइंग ऑफ *मैंगिफेरा इंडिका* वुडः इनसाइट्स इंटू ड्राइंग काइनेटिक्स, माइक्रोस्ट्रक्चरल चेंजेज एंड फिजिको–मैकेनिकल प्रॉपर्टीज। जे इंडियन एकेड वुड साइंस. 20(4):1–14.
- पटेल एम. के., प्रबुद्ध एच.आर., दिवाकर बी., स्नेहा एम.वी., मधुश्री ए.एच., चेतन एच.सी. और कुमार के.एस. (2026)। जेनेटिक डाइवर्सिटी एंड पॉपुलेशन स्ट्रक्चर एनालिसिस ऑफ द रेड सैंडर्स, एंडेंजर्ड एंडेमिक प्लांट टू द ईस्टर्न घाट्स, इंडिया। डिस्कोव. फॉर. 2, 26-
- रामकृष्णन ए, जगदीश एन, उमा जीएस, चक्रवर्ती ए और रॉय ए (2026)। इकोसिस्टम इंट्रूडर्सः अंडरस्टैंडिंग एंड मैनेजिंग इनवेसिव फॉरेस्ट पेस्ट्स। फ्रंटियर्स इन फॉरेस्ट्स एंड ग्लोबल चेंज 9:1728710.



**संरक्षकः**

श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून

**संपादक मंडलः**

डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष

डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक

डॉ. विश्वजीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य

**हिन्दी संस्करणः**

श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), सदस्य

**सहायकः**

श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)

**प्रत्याख्यान**

- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाषित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.षि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।